# तूने मुझे बुलाया शेराँवालिये ....

तूने मुझे बुलाया शेराँवालिये, मैं आया, मैं आया शेराँवालिये
ओ ज्योताँवालिये, पहाड़ाँवालिये, ओ मेहराँवालिये
तूने मुझे बुलाया ....

सारा जग है एक बन्जारा, सबकी मन्जिल तेरा द्वारा
ऊंचे पर्वत लम्बा रस्ता, ऊंचे पर्वत लम्बा रस्ता
पर मैं रह ना पाया शेराँवालिये, तूने मुझे बुलाया ....

सूने मन में जल गई बाती, तेरे पथ में मिल गये साथी
मुँह खोलूँ क्या तुझसे मांगूँ, मुँह खोलूँ क्या तुझसे माँगू
बिना माँगे सब पाया शेराँवालिये, तूने मुझे बुलाया ....

कौन है राजा कौन भिखारी, एक बराबर तेरे सारे पुजारी
तूने सब को दर्शन दे के, तूने सब को दर्शन दे के
अपने गले लगाया शेराँवालिये, मैं आया, मैं आया शेराँवालिये
तूने मुझे बुलाया ....

ओ ज्योताँवालिये, पहाड़ाँवालिये, ओ मेहराँवालिये
तूने मुझे बुलाया ....

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रेम से बोलो | जय माता दी। | सारे बोलो | जय माता दी। |
| आते बोलो | जय माता दी। | जाते बोलो | जय माता दी। |
| ओ कपट निवारे | जय माता दी। | ओ पार उतारे | जय माता दी। |
| ऐ माँ भोली | जय माता दी। | भर दे झोली | जय माता दी। |
| करले दरशन | जय माता दी। | माँ देगी दर्शन | जय माता दी। |